Scrapping of the Panel for Appointment of Chairman and Managing Director of BICL

1299. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have since scrapped a panel of candidates selected by the Public Enterprises Selection Board about a year back for the appointment of regular Chairman and Managing Director for the British India Corporation Limited;

(b) whether Government are considering revival of the same panel in order to reduce cost on this account which has risen manifold, without any further delay;

(c) whether it is a fact that the Company's losses have increased due to lapses on the part of present management; and

(d) if so, details thereof?

THE MINISTER OF TEXTILES (SHRI R. L. JALAPPA): (a) and (b) The Government had considered the panel recommended by PESB for the post of C&MD, BIC and decided that since the names in the panel were not found suitable for the post of C&MD, BIC, the panel should be set aside. The PESB has accordingly been requested to make a fresh panel of names for the post of C&MD, BIC.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

हथकरघा उत्पादों का निर्यात

1300. **श्री राम जेठमलानी:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश से हथकरघा उत्पादों का निर्यात किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1993-94, 1994-95 और 1995-96 के दौरान कितने-कितने मूल्य का कितना-कितना कपड़ा निर्यात किया गया;

(ग) क्या यह भी सच है कि 1996-97 में इस क्षेत्र में उत्पादित कपड़ा व अन्य उत्पादों के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में कमी आई है;

(घ) यदि नहीं, तो अप्रैल, 1996 से दिसंबर, 1996 तक कितना और कितने मूल्य का निर्यात किया गया और पिछले वर्ष की तुलना में यह कितना अधिक अथवा कम था; और

(ङ) वर्ष 1993-94, 1994-95 और 1995-96 के दौरान हथकरघा उद्योग में कुल कितना उत्पादन हुआ?

वस्त्र मंत्री (श्री आर० एल० जालप्पा): (क) जी, हां।

(ख) वर्ष 1993-94, 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान सूती हथकरघा फैब्रिक्स तथा मेड-अप्स के निर्यात निम्न प्रकार हैं:—

(फैब्रिक वर्ग मी० में) (मेड-अप्स कि०ग्रा० में) (आंकड़े 000, में)

वर्ष	फैब्रिक्स		मेड-अप्स	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
1993-94	78579	2815948	79089	10150000
1994-95	78755	3202247	82632	11805988
1995-96	59632	2548187	76058	12359666

(ग) अप्रैल-दिसम्बर, 96 की अवधि के दौरान, जबकि सूती हथकरघा फैब्रिक्स के निर्यात में कमी हुई है, सूती हथकरघा मदों के निर्यातों में वृद्धि हुई है। तथापि, अप्रैल-दिसंबर, 96 की अवधि के दौरान सूती हथकरघा फैब्रिक्स तथा मेड-अप्स के संपूर्ण निर्यातों में वर्ष 1995 की इसी अवधि के दौरान किए गए निर्यातों पर 7% की वृद्धि दर्ज की गई है।

(घ) अप्रैल-दिसम्बर, 96 की अवधि के दौरान तथा वर्ष 1995 की इसी अवधि में सूती हथकरघा फैब्रिक्स तथा मेड-अप्स के निर्यात निम्न प्रकार हैं:—

(फैब्रिक्स वर्ग मी०) (मेड-अप्स कि० ग्रा० में) (आंकड़े 000, में)

अवधि	फैब्रिक्स		मेड-अप्स	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
अप्रैल,-दिसंबर, 95	43661	191434	54596	8719970
अप्रैल-दिसंबर, 96	35703	1732124	60316	9676879

(ङ) हथकरघा क्षेत्र में वर्ष 1993-94, 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान कपड़े का कुल उत्पादन निम्न प्रकार है:—

वर्ष	उत्पादन (मिलियन वर्ग० मी० में)
1993-94	5851
1994-95	6180
1995-96	7020

कपड़ा मिल क्षेत्र में उत्पादन में कमी

1301. **श्री राम जेठमलानी:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में जहां कपड़ा उत्पादन के कार्य में कपड़ा मिल क्षेत्र में कमी हुई है वहीं पावरलूम व हथकरघा क्षेत्र में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो कपड़ा मिल क्षेत्र, पावरलूम क्षेत्र और हथकरघा क्षेत्र में वर्ष 1990-91 तथा वर्ष 1995-96 के दौरान कितना-कितना कपड़ा उत्पादन किया गया था;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा इस अवधि के दौरान कपड़ा उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में अनेक आर्थिक एवं प्रशासनिक प्रोत्साहन दिए गए थे; और

(घ) यदि हां, तो प्रत्येक क्षेत्र को दिए गए प्रोत्साहनों का अलग-अलग ब्यौरा क्या है?

वस्त्र मंत्री (श्री आर० एल० जालप्पा): (क) (i) संगठित सूती/मानव-निर्मित फाईबर वस्त्र मिल क्षेत्र वस्त्र मदों अर्थात स्पन यार्न तथा कपड़े के उत्पादन में लगा है। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, स्पन यार्न के उत्पादन में वृद्धि हुई, जबकि इस क्षेत्र में कपड़े के उत्पादन में कमी हुई है।

(ii) हथकरघा तथा विद्युतकरघा क्षेत्र केवल कपड़े के उत्पादन में लगे हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इन दोनों क्षेत्रों में कपड़े का उत्पादन बढ़ा है।

(ख) वर्ष 1990-91 तथा 1995-96 के दौरान वस्त्र मिल विद्युतकरघा तथा हथकरघा क्षेत्र में वस्त्रों के कुल उत्पादन के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:—